पशुपालन निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।

"कार्यालय आदेश"

इस कार्यालय के आदेश संख्या 1882/स्था०एक/वा०स्थाना०(प०चि०अ०)/2024–25 दिनांक 31 जुलाई, 2024 के द्वारा सुगम से दुर्गम संस्थाओं पर किये गये स्थानान्तरणों के क्रमांक–6 पर अंकित डा०मोनिका रानी, पशुचिकित्सा अधिकारी, पशुचिकित्सालय मसूरी, देहरादून का स्थानान्तरण पशुचिकित्सालय देघाट, जनपद अल्मोड़ा में किये जाने के फलस्वरूप डा०मोनिका रानी ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 01.08.2024 के माध्यम से अपनी पारिवारिक परिस्थितियों के कारण अपना स्थानान्तरण पशुचिकित्सालय देघाट, अल्मोड़ा के स्थान पर दुर्गम संस्था पशुचिकित्सालय बण्ड, जनपद चमोली में किये जाने का अनुरोध किया गया।

अतः डा०मोनिका रानी, पशुचिकित्सा अधिकारी, पशुचिकित्सालय मसूरी, जनपद देहरादून के उक्त प्रार्थना पत्र में उल्लिखित पारिवारिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए सम्यक विचारोपरान्त इस कार्यालय के उक्त आदेश दिनांक 31 जुलाई, 2024 में आंशिक संशोधन करते हुए डा०मोनिका रानी, पशुचिकित्सा अधिकारी, पशुचिकित्सालय मसूरी, जनपद देहरादून का स्थानान्तरण सुगम से दुर्गम संस्था पर पशुचिकित्सालय देघाट, अल्मोड़ा के स्थान पर पशुचिकित्सालय बण्ड, जनपद चमोली में किया जाता है।

उक्त आदेश दिनांक 31 जुलाई, 2024 केवल इस सीमा तक संशोधित समझा जाय।

(डा०नीरज सिंघल)
निदेशक।

संख्या 2534 /स्था०एक/वा०स्थाना०(प०चि०अ०)/2024–25 दिनांक 3 । अगस्त, 2024

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. वरिष्ठ निजी सचिव, मा०मंत्री जी, पशुपालन उत्तराखण्ड सरकार को मा०मंत्री जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. वरिष्ठ निजी सचिव, सचिव, पशुपालन, उत्तराखण्ड शासन को सचिव, महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
4. अपर निदेशक, पशुपालन विभाग, गढ़वाल मण्डल, पौड़ी/कुमाऊँ मण्डल (हल्द्वानी), नैनीताल।
5. मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, देहरादून/अल्मोड़ा/चमोली।
6. सम्बन्धित कोषाधिकारी।
7. सम्बन्धित अधिकारी को अनुपालनार्थ।
8. सम्बन्धित अधिकारी की व्यक्तिगत पत्रावली हेतु।

(डा०नीरज सिंघल)
निदेशक।